**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3872**

**दिनांक 11 अगस्त, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**टेली-मानस पहल**

**3872. श्री रंग आप्पा बारणे:**
**श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:**
**श्री सी.पी. जोशी:**
**श्री प्रतापराव जाधव:**
**श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:**
**श्री विद्युत बरण महतो:**
**श्री सुधीर गुप्ता:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने संपूर्ण देश में निःशुल्क टेली-मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं अर्थात टेली- मानस शुरू की हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि हां, तो वर्तमान में संपूर्ण देश के सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में कार्यरत टेली मानस प्रकोष्ठों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है;

(ग) इन टेली मानस प्रकोष्ठों को राजस्थान सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल कितनी भाषाओं में कॉल प्राप्त हो रहे हैं;

(घ) क्या सरकार का विचार जनता की प्रतिक्रिया और बढ़ी हुई कॉलों को ध्यान में रखते हुए अनुसूचित सूची की सभी भाषाओं में टेली-मानस प्रकोष्ठों की संख्या बढ़ाने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों की आवश्यकता के अनुसार जिला केन्द्रों में आयोजित परामर्श सत्र की निगरानी कर रही है और यदि हां, तो राजस्थान सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार ने बजट में उक्त कार्यक्रम के लिए कोई पृथक प्रावधान किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (प्रो.एस.पी. सिंह बघेल)**

(क) से (च): सरकार ने देश में गुणवत्तापूर्ण मानसिक स्वास्थ्य परामर्श और परिचर्या सेवाओं तक पहुंच में और सुधार लाने के लिए दिनांक 10 अक्तूबर, 2022 को "राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम" (एनटीएमएचपी) शुरू किया है। टेली-मानस सेवा सम्पूर्ण देश में स्थापित एक टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर (14416) है।

टेली-मानस को पूरे देश में शुरू किया गया है। दिनांक 18.07.2023 की स्थिति के अनुसार, 31 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 42 टेली मानस प्रकोष्ठ कार्यशील है जिनका ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है। इस हेल्पलाइन पर 1,94,000 से अधिक कॉल को हैंडल किया गया है।

वर्तमान में, टेली-मानस सेवाएं राज्यों द्वारा चुनी गई भाषाओं के आधार पर 20 भाषाओं में उपलब्ध हैं: हिंदी, अंग्रेजी, कन्नड़, तेलुगु, तमिल, मलयालम, कोंकणी, मराठी, गुजराती, असमिया, बंगाली, ओडिया, पंजाबी, कश्मीरी, बोडो, डोगरी, उर्दू, मणिपुरी, मिजो और राजस्थानी।

चूंकि टेली-मानस डीएमएचपी की एक डिजिटल शाखा है, इसलिए कॉल करने वाले जिन व्यक्तियों को तत्काल व्यक्तिगत कार्यकलाप / जटिल मूल्यांकन और प्रबंधन की आवश्यकता होती है, उन्हें वास्तविक परामर्श (टीयर-2) के लिए निकटतम इन-पर्सन-सर्विस डीएमएचपी सेंटर में भेजा जाता है। डीएमएचपी इकाइयों में प्रदान किए गए परामर्श डीएमएचपी दिशानिर्देशों के अनुसार होता है।

वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनटीएमएचपी) के लिए कुल 120.67 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

**अनुलग्नक**

| क्र.सं. | राज्य | स्वीकृत टेली मानस प्रकोष्ठों की संख्या | कार्यरत टेली मानस प्रकोष्ठों की संख्या | कार्यरत टेली मानस प्रकोष्ठ का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 2 | 1 | सिद्धार्थ मेडिकल कॉलेज, विजयवाड़ा |
| 2 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 | 1 | ए एंड एन आइलैंड्स इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एएनआईआईएमएस), पोर्ट ब्लेयर |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1 | 1 | मेंटल हॉस्पिटल, मिडपू |
| 4 | असम | 1 | 1 | राज्य मुख्यालय, एनएचएम, गुवाहाटी |
| 5 | बिहार | 3 | 3 | जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, भागलपुर |
| | | | | बिहार मानसिक स्वास्थ्य एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान, भोजपुर |
| | | | | इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना |
| 6 | छत् तीसगढ़ | 1 | 1 | जिला अस्पताल, रायपुर |
| 7 | चंडीगढ़ | 1 | 1 | जीएमसीएच, सेक्टर 16, चंडीगढ़ के साथ मिलकर गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच), सेक्टर 32, |
| 8 | दमन और दीव, दादरा और नगर हवेली | 1 | 1 | श्री विनोबा भावे सिविल अस्पताल, आईटी सेल/108 बिल्डिंग, सिलवासा |
| 9 | दिल्ली | 1 | 1 | आईएचबीएएस, नई दिल्ली |
| 10 | गुजरात | 2 | 1 | मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल, अहमदाबाद |
| 11 | गोवा | 1 | 1 | दक्षिण जिला अस्पताल, मडगांव |
| 12 | हरियाणा | 1 | 1 | सिविल अस्पताल, सेक्टर -6, पंचकूला |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 1 | - | - |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 1 | 1 | आईएमएचएएनएस कश्मीर, |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | श्रीनगर |
| 15 | झारखंड | 1 | 1 | सीआईपी, रांची |
| 16 | कर्नाटक | 2 | 2 | दिमहांस, धारवाड़ |
| | | | | निमहांस, बेंगलुरु |
| 17 | केरल | 1 | 1 | राज्य मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम कार्यालय, मानसिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर, तिरुवनंतपुरम |
| 18 | लद्दाख। | 1 | 1 | लद्दाख टेली मानस सेल, लेह |
| 19 | लक्षद्वीप | 1 | - | - |
| 20 | मध्य प्रदेश | 2 | 2 | एमजीएम मेडिकल कॉलेज, इंदौर |
| | | | | ग्वालियर मानसिक अस्पताल, ग्वालियर |
| 21 | मणिपुर | 1 | 1 | क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान, इम्फाल |
| 22 | महाराष्ट्र | 3 | 3 | क्षेत्रीय मानसिक अस्पताल, ठाणे |
| | | | | क्षेत्रीय मानसिक अस्पताल, पुणे |
| | | | | ज़रा चिकित्सा स्वास्थ्य और मानसिक रोग केंद्र, अंबेजोगाई जिला अस्पताल, बीड |
| 23 | मेघालय | 1 | 1 | मेघालय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (एमआईएमएचएएनएस), शिलांग |
| 24 | मिजोरम | 1 | 1 | अस्पताल और चिकित्सा शिक्षा निदेशालय, माइनको, खटला, आइजोल |
| 25 | नागालैंड | 1 | - | |
| 26 | ओडिशा | 2 | 2 | जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (डीएमएचपी)/एमकेसीजी एमसीएच परिसर का नशामुक्ति केंद्र (डीएसी) इकाई, गंजम, बेरहामपुर |
| | | | | मानसिक स्वास्थ्य संस्थान (उत्कृष्टता केंद्र), एससीबी एमसीएच, कटक |
| 27 | पुद्दुचेरी | 1 | - | - |
| 28 | पंजाब | 1 | 1 | मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, अमृतसर |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 29 | राजस्थान | 2 | 1 | मनोचिकित्सा केंद्र, एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर |
| 30 | सिक्किम | 1 | - | - |
| 31 | तमिलनाडु | 2 | 1 | 104 हेल्पलाइन, चिकित्सा और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक, चेन्नई |
| 32 | तेलंगाना | 1 | 1 | मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, हैदराबाद |
| 33 | त्रिपुरा | 1 | 1 | आधुनिक मनोरोग अस्पताल, नरसिंहगढ़ |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 4 | 4 | मानसिक अस्पताल, वाराणसी |
| | | | | मानसिक स्वास्थ्य संस्थान और अस्पताल, आगरा |
| | | | | बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर |
| | | | | मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल, बरेली |
| 35 | उत्तराखंड | 1 | 1 | मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, देहरादून, सेलाकुई |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 2 | 2 | स्वास्थ्य भवन परिसर, कोलकाता |
| | | | | मनोचिकित्सा संस्थान, कोलकाता |
| **कुल** | | **51 प्रकोष्ठ** | **42 प्रकोष्ठ** | |

*****